# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 22-4-23 | 8 | 3-5 |

# सेवानिवृत्त हुए 50 कर्मचारियों को किया सम्मानित

## वीसी बोले- कर्मचारियों ने मिलकर विवि को पहुंचाया शिखर पर

माई सिटी रिपोर्टर



हिसार में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति डॉ. बीआर कांबोज। संवाद

हिसार। एचएयू के फ्लेचर भवन के सभा कक्ष में विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए शुक्रवार को सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने दिसंबर से मार्च के दौरान सेवानिवृत्त हुए 50 कर्मचारियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

कुलपति ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों समेत सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर पहुंचाया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए हुए है।

कुलपति ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आएं तो उन्हें उचित मान-सम्मान दिया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व अंशुल आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 22-5-23 | 2 | 5-6 |

# पिछले चार माह में रिटायर हुए 50 कर्मचारी, वीसी ने किए सम्मानित

## एचएयू को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान : प्रो. कॉम्बोज



सिटी रिपोर्टर • चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह किया गया। इसमें कुलपति प्रो. बीआर एचएयू मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दिसम्बर, जनवरी, फरवरी व मार्च माह के दौरान 50 सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। एचएयू को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान रहा है। विवि के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व एसवीसी कपिल अरोड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व अंशुल भी उपस्थित थे।

ये हुए रिटायर : विवि से गत चार माह में कुल तीन शिक्षक/वैज्ञानिक तथा 47 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डॉ. चंद्रकला सिंह, डॉ. ओमपाल चौधरी व डॉ. पॉल सिंह है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में उषा शर्मा, उषा देवी, परमानंद, गुलाब सिंह, ईश्वर सिंह, कुंवर चंद, बिमल, हरिलाल, माता प्रसाद, राधा, रेशमा, महेंद्र सिंह, खुशी राम, महाबीर प्रसाद, उदय सिंह, अशोक कुमार, महाबीर प्रसाद, सोमपाल, संतोख सिंह, घिराओ यादव, राकेश कुमार, अशोक कुमार, बुधराम, शिव दयाल, ओमप्रकाश, पुष्पा रानी, मुंशी राम, धर्मबीर सिंह, इतवारी लाल, भीम बहादुर, विरेंद्र कुमार, बलदेव, राम सिंह, प्रतिमा जसवाल, तुलसीराम, वजीर सिंह, दीवान सिंह, हंसराज, शांति, कर्ण सिंह, अमीचंद, कोमन, संतरो देवी व जीतराम शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22-4-23 | 2 | 2-3 |

# विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का योगदान : काम्बोज

जागरण संवाददाता हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दिसम्बर, जनवरी, फरवरी व मार्च माह के दौरान 50 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें।

प्रो. काम्बोज ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान सम्मान दिया जाए। इस दौरान विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन, ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, अंशुल उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ-छोर | 21.04.2023 | | |

# सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित



नभ-छोर न्यूज ▶▶ 21 अप्रैल

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दिसम्बर, जनवरी, फरवरी व मार्च माह के दौरान 50 सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। वे अपने आपको सेवानिवृत्त न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व एसवीसी कपिल अरोड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व अंशुल भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय से गत चार माह में कुल तीन शिक्षक/वैज्ञानिक तथा 47 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डॉ. चंद्रकला सिंह, डॉ. ओमपाल चौधरी व डॉ. पॉल सिंह जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में उषा शर्मा, उषा देवी, परमानंद, गुलाब सिंह, ईश्वर सिंह, कुंवर चंद, बिमल, हरिलाल, माता प्रसाद, राधा, रेशमा, महेंद्र सिंह, खुशी राम, महाबीर प्रसाद, उदय सिंह, अशोक कुमार, महाबीर प्रसाद, सोमपाल, संतोख सिंह, घिराओ यादव, राकेश कुमार, अशोक कुमार, बुधराम, शिव दयाल, ओमप्रकाश, पुष्पा रानी, मुंशी राम, धर्मबीर सिंह, इतवारी लाल, भीम बहादुर, विरेंद्र कुमार, बलदेव, राम सिंह, प्रतिमा जसवाल, तुलसीराम, वजीर सिंह, दीवान सिंह, हंसराज, शांति, कर्ण सिंह, अमीचंद, कोमन, संतरो देवी व जीतराम शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 21.04.2023 | | |

## एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दिसम्बर, जनवरी, फरवरी व मार्च माह के दौरान 50 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व एसवीसी कपिल अरोड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व अंशुल भी

### ये हुए सेवानिवृत

विश्वविद्यालय से गत चार माह में तीन शिक्षक/वैज्ञानिक तथा 47 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डॉ. चंद्रकला सिंह, डॉ. ओमपाल चौधरी व डॉ. पाल सिंह है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में उषा शर्मा, उषा देवी, परमानंद, गुलाब सिंह, ईश्वर सिंह, कुंवर चंद, बिमल, हरिलाल, माता प्रसाद, राधा, रेशमा, महेंद्र सिंह, खुशी राम, महाबीर प्रसाद, उदय सिंह, अशोक कुमार, महाबीर प्रसाद, सोमपाल, संतोख सिंह, पिराओ यादव, राकेश कुमार, अशोक कुमार, बुधराम, शिव दयाल, ओमप्रकाश, पुष्पा रानी, मुंशी राम, धर्मबीर सिंह, इतवारी लाल, भीम बहादुर, विरेंद्र कुमार, बलदेव, राम सिंह, प्रतिमा जसवाल, तुलसीराम, वजीर सिंह, दीवान सिंह, हंसराज, शांति, कर्ण सिंह, अमी चंद, कोमन, संतरो देवी व जीतराम शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक हिसार | 21.04.2023 | | |

# विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान : प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दिसम्बर, जनवरी, फरवरी व मार्च माह के दौरान 50 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। आपके योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आहवान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हें उचित मान सम्मान दिया जाए।

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए

**एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित**

कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व एसवीसी कपिल अरोड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर आदि।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 21.04.2023 | | |

# विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान : प्रो. बी.आर. काम्बोज

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 21 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दिसम्बर, जनवरी, फरवरी व मार्च माह के दौरान 50 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। आपके योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भांति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हें उचित मान सम्मान दिया जाए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व एसवीसी कपिल अरोड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व अंशुल भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय से गत चार माह में कुल तीन शिक्षक/वैज्ञानिक तथा 47 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डॉ.



चंद्रकला सिंह, डॉ. ओमपाल चौधरी व डॉ. पाल सिंह हैं, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में उषा शर्मा, उषा देवी, परमानंद, गुलाब सिंह, ईश्वर सिंह, कुंवर चंद, बिमल, हरिलाल, माता प्रसाद, राधा, रेशमा, महेंद्र सिंह, खुशी राम, महाबीर प्रसाद, उदय सिंह, अशोक कुमार, महाबीर प्रसाद, सोमपाल, संतोख सिंह, धिराओ यादव, राकेश कुमार, अशोक कुमार, बुधराम, शिव दयाल, ओमप्रकाश, पुष्पा रानी, मुंशी राम, धर्मबीर सिंह, इतवारी लाल, भीम बहादुर, विरेंद्र कुमार, बलदेव, राम सिंह, प्रतिमा जसवाल, तुलसीराम, वजीर सिंह, दीवान सिंह, हंसराज, शांति, कर्ण सिंह, अमीचंद, कोमन, संतरो देवी व जीतराम शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 21.04.2023 | | |

# एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

## विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों का अहम योगदान : प्रो. बी.आर. काम्बोज




समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार, 21 अप्रैल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दिसम्बर, जनवरी, फरवरी व मार्च माह के दौरान 50 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। आपके योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हें उचित मान सम्मान दिया जाए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व एसवीसी कपिल अरोड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व अंशुल भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय से गत चार माह में कुल तीन शिक्षक/ वैज्ञानिक तथा 47 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। शिक्षकों/ वैज्ञानिकों में डॉ. चंद्रकला सिंह, डॉ. ओमपाल चौधरी व डॉ. पॉल सिंह है, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में उषा शर्मा, उषा देवी, परमानंद, गुलाब सिंह, ईश्वर सिंह, कुंवर चंद, विमल, हरिलाल, माता प्रसाद, राधा, रेशमा, महेंद्र सिंह, खुशी राम, महावीर प्रसाद, उदय सिंह, अशोक कुमार, महावीर प्रसाद, सोमपाल, संतोख सिंह, चिराओ यादव, राकेश कुमार, अशोक कुमार, बुधराम, शिव दयाल, ओमप्रकाश, पुष्पा रानी, मुंशी राम, धर्मबीर सिंह, इतवारी लाल, भीम बहादुर, विरेंद्र कुमार, बलदेव, राम सिंह, प्रतिमा जसवाल, तुलसीराम, वजीर सिंह, दीवान सिंह, हंसराज, शांति, कर्ण सिंह, अमीचंद, कोमल, संतरो देवी व जीतराम शामिल है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22-4-23 | 3 | 1-4 |

# राष्ट्रपति दौरे को लेकर मुख्य सचिव ने ली बैठक



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे को लेकर हवाई अड्डे पर अधिकारियो के साथ चर्चा करते उपायुक्त उत्तम सिंह वह एसपी गंगाराम पूनिया । ● डीआइपीआरओ



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर आईजी सभागार को रंग रोगन करते हुए । ● जागरण

जागरण संवाददाता, हिसार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 24 अप्रैल को हिसार दौरे के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राष्ट्रपति दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की विभागानुसार समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में हिसार मंडलायुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया, एसीयूटी नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा संबंधी सभी विषयों को लेकर समय रहते पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## एचएयू में हेलीपैड पर सेना ने किया लैंडिंग ट्रायल

जागरण संवाददाता, हिसार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के 25वें दीक्षांत समारोह में आगमन को लेकर भारतीय सेना ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। शुक्रवार सुबह सेना के तीन हेलीकाप्टर एचएयू पहुंचे। विश्वविद्यालय में बने हेलीपैड पर ट्रायल लैंडिंग की। तीन हेलीकाप्टर देखकर एचएयू प्रशासनिक अधिकारी से लेकर स्टाफ व विद्यार्थी तक में ट्रायल चर्चा में आ गया। वहीं दूसरी तरफ एचएयू प्रशासन ने राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियां तेज कर दी है।

**राष्ट्रपति स्वागत में बनाएंगे दो भव्य द्वार :** एचएयू में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के स्वागत के लिए इंदिरा गांधी आडिटोरियम के प्रवेश द्वार के पास दो भव्य द्वार बनाए जाएंगे। ये द्वार भारतीय तिरंगे के तीनों रंगों में नजर आएंगे।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय | | | |
|---|---|---|---|
| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| पंजाब केसरी | 22-4-23 | 1 | 2-5 |

# एच. ए. यू. में राष्ट्रपति के आगमन पर दो विशेष भव्य द्वार का किया जाएगा निर्माण





एच.ए.यू. मधुबन पार्क के सामने चलता निर्माण कार्य व उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया हवाई अड्डे का निरीक्षण करते हुए।

## दो बडे कटआऊट किये जाएंगे तैयार, एच.ए.यू. ने तैयारियां की तेज की

## सुरक्षा के मद्देनजर आसमान से लिया गया जायजा

हिसार, 21 अप्रैल (बैनीवाल): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां जोर शोर के साथ चल रही है। वहीं प्रशासन भी राष्ट्रपति के आने को लेकर सतर्कता बरते हुए है। एच.ए.यू. के पूरे एरिया का हवाई निरीक्षण शुक्रवार को किया गया और सुरक्षा के पहलूओं से जायजा लिया गया। इसके विपरित एच.ए.यू. प्रशासन इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में दोनों गेट पर राष्टपति के विशाल कटऑउट लगाने की तैयारी कर रहा है। इन कटआउट के साथ भव्य द्वार बनाए जाएंगे, जो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

## सुरक्षा प्रबंधों के दृष्टिगत डी.सी. व एस.पी. ने एच.ए.यू. एवं हवाई अड्डे का किया दौरा

हिसार (राठी): महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 24 अप्रैल को हिसार दौरे के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राष्ट्रपति दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की विभागानुसार समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में हिसार मंडलायुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया, ए.सी.यू.टी. नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने राष्ट्पति के दौरे को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा संबंधी सभी विषयों को लेकर समय रहते पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इससे पूर्व उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर एस.डी.एम. जयवीर यादव, डॉ. जितेंद्र अहलावत, अश्वीर नैन, विकास यादव, एच.सी.एस. शालिनी चेतल, एच.ए.यू. रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री व रामदेव को मिली थी मानद उपाधि

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 22-4-23 | 5 | 1 |

## राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर प्रशासन सजग

हिसार (सच कहूँ/मांगे लाल)। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 24 अप्रैल को हिसार दौरे के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राष्ट्रपति दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की विभागानुसार समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में हिसार मंडलायुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया, एसीयूटी नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा संबंधी सभी विषयों को लेकर समय रहते पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम जयवीर यादव, डॉ. जितेंद्र अहलावत, एचसीएस शालिनी चेतल, एचएयू रजिस्ट्रार डॉ बलवान सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 22-4-23 | 5 | 1-2 |

# राष्ट्रपति के दौरा कार्यक्रम के सुरक्षा प्रबंधों के दृष्टिगत उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने एचएयू एवं हवाई अड्डे का किया दौरा

हिसार, 21 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 24 अप्रैल को हिसार दौरे के दृष्टिगत उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

इस अवसर पर एसडीएम जयवीर यादव, डॉ जितेंद्र अहलावत, अश्वीर नैन, विकास यादव, एचसीएस शालिनी चेतल, एचएयू रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 21.04.2023 | | |

## सुरक्षा प्रबंधों के दृष्टिगत उपायुक्त एवं एसपी ने एचएयू एवं हवाई अड्डे का किया दौरा



सिटी पल्स न्यूज, हिसार महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 24 अप्रैल को हिसार दौरे के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्तों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राष्ट्रपति दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की विभागानुसार समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में हिसार मंडलायुक्त, उपायुक्त पुलिस अधीक्षक, एसीयूटी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा संबंधी सभी विषयों को लेकर समय रहते पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इससे पूर्व उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम जयवीर यादव, डॉ जितेंद्र अहलावत, अश्वीर नैन, विकास यादव, एसीपीएस शालिनी चेतल, एचएयू रजिस्ट्रार डॉ बलवान सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दै लो हिसार | 21.04.2023 | | |

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरा कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

हिसार, महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 24 अप्रैल को हिसार दौरे के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चाधिकारियों



की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राष्ट्रपति दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की विभागानुसार समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में हिसार मंडलायुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया, एसीयूटी नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा संबंधी सभी विषयों को लेकर समय रहते पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

**सुरक्षा प्रबंधों के दृष्टिगत उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने एचएयू एवं हवाई अड्डे का किया दौरा**

इससे पूर्व उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम जयवीर यादव, डॉ जितेंद्र अहलावत, अश्वीर नैन, विकास यादव, एचसीएस शालिनी चेतल, एचएयू रजिस्ट्रार डॉ बलवान सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 21.04.2023 | | |


## एचएयू के 25वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति ने ली रिव्यू मीटिंग

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 21 अप्रैल : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां व 124 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह हरियाणा के माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में होगा, जिसमें देश की माननीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में दीक्षांत समारोह से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर गठित 27 कमेटियों के सदस्यों की मीटिंग ली, जिसमें व्यवस्थाओं को लेकर रिव्यू किया गया, साथ ही दीक्षांत समारोह को सफल बनाने के लिए अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष सहित कमेटी के कन्वीनर, को-कन्वीनर को उचित-दिशा निर्देश दिए गए। मीटिंग में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा भी मौजूद थे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में से 307 लडके तथा 558 लड़कियां है। दीक्षांत समारोह में कोविड संबंधित नए नियमों की पालना करना अनिवार्य होगा। दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर 22 व 23 अप्रैल को विश्वविद्यालय में कार्यदिवस घोषित कर दिया गया है ताकि तैयारियों में कोई बाधा न आए। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के बारे में विस्तृत



जानकारी देते हुए बताया कि पीएचडी के 7 विद्यार्थियों को डॉ. वी.डी कश्यप गोल्ड मेडल, 7 विद्यार्थियों को डॉ. आर.एन. पाल मेमोरियल गोल्ड मेडल, 3 विद्यार्थियों को डॉ. सविता सिंगल गोल्ड मेडल, 2 विद्यार्थियों को प्रो. रतन लाल गोल्ड मेडल दिए जाएंगे, जबकि सिल्वर जुबली गोल्ड मेडल फार वुमन 7 विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे। परास्नातक व डॉक्टरेट उपाधि लेने वाले 22 विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी लेवल गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परास्नातक में 7 विद्यार्थियों को डॉ. श्रीमति सरोज कश्यप गोल्ड मेडल, 7 विद्यार्थियों को डॉ. रामधन सिंह गोल्ड मेडल, 6 विद्यार्थियों को डॉ. एस.डी. निझावन गोल्ड मेडल, 7 विद्यार्थियों को डॉ. एस.आर. व्यास गोल्ड मेडल व 5 विद्यार्थियों को डॉ. एस.बी. फौगाट मेमोरियल गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार स्नातक स्तर पर 31 विद्यार्थियों को एचएयू मेरिट गोल्ड मेडल, 7 विद्यार्थियों को ए.एल. फ्लैचर गोल्ड मेडल, 3 विद्यार्थियों को इंटरनेशनल वुमन ईयर 1975 गोल्ड मेडल व डॉ. पी.एस. लांबा गोल्ड मेडल 3 विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 21.04.2023 | — | — |

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरा कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

# सुरक्षा प्रबंधों के दृष्टिगत उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने एचएयू एवं हवाई अड्डे का किया दौरा

अमृतसर। हिसार, 21 अप्रैल। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 24 अप्रैल को हिसार दौरे के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राष्ट्रपति दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की विभागानुसार समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में हिसार मंडलायुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया, एसीयूटी नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा संबंधी सभी विषयों को लेकर समय रहते पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।





इस अवसर पर एसडीएम जयवीर यादव, डॉ जितेंद्र अहलावत, अश्वीर नैन, विकास यादव, एचसीएस शालिनी चेतल, एचएयू रजिस्ट्रार डॉ बलवान सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 22-4-23 | 4 | 3-4 |

## पृथ्वी दिवस : दिया धरती को बचाने का संदेश



*विद्यार्थी सकोरे रखते हुए।*

हिसार, 21 अप्रैल (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के गृह विज्ञान महाविद्यालय के एफ.आर.एम. डिपार्टमेंट में अर्थ डे सेलिब्रेट किया गया।

इस कार्यक्रम में परिवारिक संसाधन विभाग की छात्राओं द्वारा पक्षियों के घोंसले, पानी के सकोरे, व पौधे लगाए गए, इसी के साथ महाविद्यालय में एक बर्ड जोन तैयार किया गया जिसमें पक्षियों के खाने व पीने की व्यवस्था की गई ताकि इस भीषण गर्मी से इन बेजुबानों को राहत दिलाई जा सके।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. कविता दुआ ने बताया कि पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्या से जूझ रही है। जंतु पेड़-पौधों व हमारे पर्यावरण को बचाने के प्रयास में हमारा यह छोटा सा कदम है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मंजू मेहता ने बताया कि इन कार्यक्रमों के द्वारा हम विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने तथा उसे संतुलित रखने का संदेश देते हैं।

अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. कविता दुआ ने सभी छात्राओं का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए सन्देश दिया कि जैसे हम हमारे प्रत्येक जन्म दिवस पर केक काटते हैं अगर उसी प्रकार हम एक पौधा लगाने का संकल्प लें तो धरती को आने वाले संकट से बचाया जा सकता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 22-4-23 | 2 | 5-6 |




# पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम के जरिये धरती बचाने का संदेश

सिटी रिपोर्टर • चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के गृह विज्ञान कॉलेज के एफआरएम डिपार्टमेंट में अर्थ डे सेलिब्रेट किया गया।

इस कार्यक्रम में पारिवारिक संसाधन विभाग की छात्राओं द्वारा पक्षियों के घोंसले, पानी के सकोरे, व पौधे लगाए गए, इसी के साथ महाविद्यालय में एक बर्ड जोन तैयार किया गया जिसमें पक्षियों के खाने व पीने की व्यवस्था की गई, ताकि इस भीषण गर्मी से इन बेजुबानों को राहत दिलाई जा सके। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. कविता दुआ ने बताया कि पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्या से जूझ रही है। जंतु पेड़-पौधों व हमारे पर्यावरण को बचाने के प्रयास में हमारा यह छोटा सा कदम है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मंजु मेहता ने बताया कि इन कार्यक्रमों के द्वारा हम विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने तथा उसे संतुलित रखने का संदेश देते हैं। अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. कविता दुआ ने सभी छात्राओं का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए संदेश दिया कि जैसे हम हमारे प्रत्येक जन्म दिवस पर केक काटते हैं, अगर उसी प्रकार हम एक पौधा लगाने का संकल्प लें तो धरती को आने वाले संकट से बचाया जा सकता है